दिनांक: 26.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

झालावाड़ जिले के पीपलोदी गांव में कल हुई स्कूल दुखांतिका में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 10–10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी भी दी जाएगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोशल मीडिया संदेश में बताया कि नए विद्यालय भवन में बनने वाले कक्षों का नाम दिवंगत विद्यार्थियों के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि पीपलोदी गांव में एक करोड़ रुपये की लागत से भव्य स्कूल बनाने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि हादसे में 7 बच्चों की मृत्यु हो गई थी। वहीं 21 बच्चे घायल हो गए थे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मालदीव के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ के साथ बैठक की। श्री मोदी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे हैं। वे आज आज शाम तमिलनाडु पहुंचेंगे, जहां तूतिकोरिन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे चार हजार छह सौ करोड़ रुपये लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन भी करेंगे।

000

करगिल विजय दिवस के अवसर पर आज देश उन अमर जांबाज़ जवानों की बहादुरी को नमन कर रहा है, जिन्होंने लगभग 18 हजार फीट की ऊंचाई पर पाकिस्तानी घुसपैठियों के साथ संघर्ष किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में, राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन देश के सेनिकों के असाधारण पराक्रम, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का वीर सेनानियों का जुनून हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी भारतीय सेनिकों के साहस, शौर्य और समर्पण को नमन किया है।
करगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। झुंझुनूं में शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदों को याद किया गया। इस युद्ध में झुंझुनूं निवासी 19 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम और किला स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वीरांगनाओं को सम्मानित भी किया गया।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 16 सेंटीमीटर पानी दौसा में बरसा। इस बीच, आज भी प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश हो रही है। विभाग ने आज से दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में तेजी के आसार व्यक्त किये हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बरसात हो सकती है। बारां, कोटा और झालावाड़ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं छह जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है।

000

प्रदेशभर में आज लोक पर्व सिंजारा परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। हरियाली तीज से एक दिन पहले आज नव विवाहित महिलाएं हाथों पर मेहंदी रचाकर श्रृंगार कर रही हैं। कल हरियाली तीज का पर्व मनाया जाएगा। महिलाएं व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करेंगी। सिटी पैलेस की ज़नानी ड्योढ़ी से तीज माता की शोभायात्रा शाही लवाज़मे के साथ निकाली जाएगी। वहीं हरियाली तीज के अवसर पर कल प्रदेशभर में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री वृक्षारोपण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। आज भी कई स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम रखे गये हैं। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भरतपुर के बिहारी जी मंदिर परिसर में पौधा लगाया।

000

टीबी मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत कल से निक्षय पोषण किट वितरण अभियान चलाया जाएगा। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत टीबी रोगियों को जन सहयोग से पौष्टिक आहार उपलब्ध करावाया जाएगा। साथ ही निक्षय मित्र पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा नए निक्षय मित्रों का पंजीकरण किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन के सहयोग से अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक क्षय रोगियों को इसका लाभ दिया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 124वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000